



# एरियर्स चार सौ करोड़ दबाकर बैठे जिले के विद्युत उपभोक्ता

## 92 करोड़ का मिला है इस माह लक्ष्य, कनेक्शन काटने के साथ अधीक्षण यंत्री पहुंचे वसूली करने उपभोक्ताओं के यहां



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले राजस्व लक्ष्य को लेकर बिजली विभाग इस समय बकायादारो के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रहा है, बावजूद इसके पैसा नही आ रहा है. रीवा में लगभग 400 करोड़ एरियर्स उपभोक्ताओं पर बकाया है जो दबा कर बैठे है. लगातार प्रयास के बावजूद पैसा निकालने में पसीना छूट रहा है.**

इस माह 92 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है जिसमें बहुत कम वसूली हो पाई है. हालाकि अभी समय बाकी है. जितना राजस्व लक्ष्य हर महीना दिया जाता है उसकी आधी वसूली नही हो पाती है. विद्युत उपभोक्ता राशि जमा करने से पीछे हट रहे है, जिसकी वजह से एरियर्स की राशि बढ़ती जा रही है. शहर में उपभोक्ता विद्युत बिल जमा करने आगे आते है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में उपभोक्ता पैसा जमा करने में रूचि नही दिखाते है. कनेक्शन काटने और नोटिस के बावजूद पैसा जमा नही करते है. राजस्व वसूली के मामले में रीवा संभाग सबसे आगे रहता है जबकि पूर्व, पश्चिम, त्योंथर और मऊगंज संभाग की स्थित ज्यादा ठीक नही रहती. समाधान योजना भी उपभोक्ताओं के लिये लागू की गई है, उसके बाद भी बकायादार उपभोक्ता पैसा जमा करने आगे नही आते है. इस समय जिले भर में कनेक्शन काटने की कार्यवाही चल रही है. इतना ही नही जिस गांव में ज्याद

ा बिल बकाया है वहा वितरण ट्रांसफार्मर से कनेक्शन काटा जा रहा है. अकेले पूर्व संभाग में 40 से अधिक ट्रांसफार्मर ऐसे है जिसमें 80 प्रतिशत से ज्यादा बिजली का बिल बकाया था जिसके बाद बंद किया गया. पिछले दो-तीन साल में एरियर्स की राशि तेजी से बढ़ी है. 400 करोड़ रूपया जिले के उपभोक्ता दबाकर बैठे है जिसकी वसूली करने में अधिकारियों को पसीना छूट रहा है. फरवरी-मार्च दो महीना शेष बचा है वित्तीय वर्ष पूरा होने को, वार्षिक लक्ष्य से विभाग अभी बहुत पीछे है. कार्यवाही के बावजूद बहुत कम पैसा जमा हो रहा है.

### खाता सीज करने की चल रही कार्यवाही

विद्युत विभाग उपभोक्ताओं से पैसा निकालने के लिये इस बार हर स्तर पर कार्यवाही कर रहा है. नोटिस के बाद भी पैसा जमा न होने पर कनेक्शन काटने के लिये अधीक्षण यंत्री से लेकर कार्यवाही यंत्री और जेई तक घर-घर जा रहे है. पिछले कई दिनो से अधीक्षण यंत्री बी.के शुक्ला बड़े बकायादारो के यहा सम्पर्क करने पहुंचे. इतना ही नही उपभोक्ताओं के खाता सीज करने की कार्यवाही की जा रही है. खाता सीज होने के बाद उपभोक्ता बिजली का बिल जमा करने आगे आते है. यह अभियान लगातार मार्च तक जारी रहेगा ताकि वार्षिक लक्ष्य को पूरा किया जा सके.



# आनंद उत्सव : पारंपरिक खेलों में बच्चों से लेकर युवाओं ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, शहर में आनंद उत्सव अंतर्गत जनवरी माह के रविवार को नगर निगम रीवा की अभिनव पहल हैप्पी स्ट्रीट का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बच्चों से लेकर सभी आयु वर्ग के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.**

कार्यक्रम के दौरान जुंबा, बोरा रेस, लेमन रेस, रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर रेस, टायर रेस, ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ-साथ फन रन, गुलाटी रेस आधारित गतिविधियों ने प्रतिभागियों व दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. खेलकूद एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पारंपरिक एवं बचपन के खेलों को पुनर्जीवित करने का सफल प्रयास किया गया. इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. साथ ही सांस अभियान अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छ एवं निर्मल हवा के संरक्षण हेतु कचरा न जलाने की शपथ भी दिलाई गई. जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया गया. कार्यक्रम के समापन पर नगर निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं तथा नागरिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं. इस दौरान नगर निगम के लेखा अधिकारी अवनीश त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक सिंह तोमर, सिटी मिशन मैनेजर प्रीति रोचलानी एवं आईईसी टीम मौजूद रहा.

## संक्षिप्त

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 19 जनवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी. बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, ई-आफिस व्यवस्था, गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों तथा मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर 22 को

**रीवा.** स्वयंसेवी संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 22 जनवरी को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किरण सेवा संस्थान नेहरू नगर में आयोजित किया जाएगा. शिविर में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी. शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि की जाँच की जाएगी. रोगियों को नि:शुल्क होम्योपैथिक दवाएं वितरित की जाएंगी. शिविर में सिकल सेल की भी जाँच की भी व्यवस्था की गई है. आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है.

### महिला मोर्चा ने फूंका पुतला



**मऊगंज.** प्रदेश में कथित आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है. भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदेशभर में पुतला दहन किया. महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में महिलाओं और बेटियों ने एकजुट होकर कांग्रेस विधायक बाड़ेर फूल सिंह बरैया का पुतला दहन किया. प्रदर्शन के दौरान महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला. श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस विधायक द्वारा बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी न केवल शर्मनाक है, बल्कि पूरे समाज के लिए घोर निंदनीय है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह मानसिकता उसकी सोच को उजागर करती है और महिला मोर्चा इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा. हम मांग करते हैं कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और कांग्रेस पार्टी सार्वजनिक रूप से माफी मांगे. महिला मोर्चा ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में लगातार जारी रहेगा. महिला मोर्चा की बहनों ने एक स्वर में कहा कि बेटियों के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नारी शक्ति के खिलाफ सोच रखने वालों को समाज जवाब देगा.

### प्रमुख अभियंता ने जल प्रदाय व्यवस्था का लिया जायजा



**मऊगंज.** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने मऊगंज नगर में जल प्रदाय व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने नगर में जल आपूर्ति की नियमितता तथा वितरण प्रणाली की स्थिति की समीक्षा की. निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने जल स्रोतों, टंकियों, पाइपलाइन नेटवर्क एवं जल शुद्धिकरण प्रक्रिया का जायजा लिया. उन्होंने पेयजल की गुणवत्ता की भी जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नागरिकों को मानकों के अनुरूप स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए. उन्होंने अधिकारियों को जल परीक्षण की नियमित मॉनिटरिंग, समय पर रखरखाव तथा किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही जल अपव्यय रोकने एवं लीकेज की समस्या पर तत्काल कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि एवं तकनीकी अमला उपस्थित रहा.

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की आज मनाई जाएगी पुण्य तिथि

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, कांग्रेस द्वारा आज 19 जनवरी को 12:00 बजे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की अष्टम पुण्यतिथि मनाई जाएगी.**

पुलिस लाइन चौराहा पर स्थित दादा की प्रतिमा स्थल पर



श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया जावेगा. तत्पश्चात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सिरमौर की पूर्व प्रत्याशी डॉ. अरूणा तिवारी के अमहिया स्थित आवास पर उनके द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीण, जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्ष/ब्लाक प्रभारीगण प्रदेश प्रतिनिधि, नगर पालिक निगम रीवा के वर्तमान तथा पूर्व पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी, महिला कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक विभाग, युवक कांग्रेस, एन.एस.यु.आई, मोर्चा संगठन, विभाग प्रकोष्ठ, आई.टी.सेल जिले के सभी मण्डलम, सेक्टर, बूथ कमेटी के पदाधिकारीगण से पहुंचने की अपील की गई है.



# उप मुख्यमंत्री तथा विधायक गुढ़ ने मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, गुढ़ के समीप स्थित भैरवनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इसी माह मंदिर का विधिवत लोकार्पण करेंगे.**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया. उप मुख्यमंत्री ने हेलीपैड, मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा मंदिर का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे. वाहनों की पार्किंग, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा कार्यक्रम से जुड़े अन्य प्रबंधों पर विशेष ध्यान दें. मुख्यमंत्री जी के दौरे की तैयारियों में किसी तरह की कोरकसर बाकी न रखें. मंदिर से जुड़े निर्माण कार्य 25 जनवरी तक हर हाल में पूरे कराएं. भैरवनाथ मंदिर धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है. इसके विकास से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. विधायक गुढ़ ने मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने नवनिर्मित भैरवनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. उप मुख्यमंत्री ने गजमाला अर्पित करके भगवान भैरवनाथ की पूजा की.



निज निवास में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

# जिला स्तरीय खेल में खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तरीय खेलो एम.पी.यूथ गेम्स का आयोजन में 17 से किया जा रहा है.**

आयोजन में सांसद जनार्दन मिश्र एवं पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने मैदान में पहुँच कर युवा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और विजेता होने का आर्शीवाद दिया. सांसद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया. जिसमें रीवा, रायपुर कर्चुलियॉन, सिरमौर, जवा, गंगेव एवं त्योथर विकासखण्डो एवं जिला मऊगंज, हनुमना, नईगढी के लगभग 550 बालक/बालिकाओ ने भाग लिये, जिसमें पिट्ठू, टेबल-टेनिस, लॉनटेनिस, तैराकी, रस्साकसी, फुटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, कुश्ती, अर्चरी एवं जूडो खेल आयोजन का प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन संभाग, राज्य स्तर पर भाग लेगें.

# रीवा के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य को देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाना है. रीवा, सतना, सीधी व सिंगरौली विकास के रास्ते में एक साथ आगे बढ़ेंगे तभी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा.**

उप मुख्यमंत्री ने अमहिया स्थित अपने निज निवास में नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है. गत दिनों देश के गृहमंत्री अमित शाह ने रीवा के सोलर प्लांट, फोरलेन सड़कों तथा चौबीस घंटे हवाई सेवा देने वाले रीवा एयरपोर्ट की चर्चा की थी. इनका क्षेत्र में पर्यटन एवं उद्योग के साथ हरित क्रांति का लक्ष्य लेकर विकास की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है. नए वर्ष में सिंचाई की सुविधा को दुगना करने के साथ ही ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन के कार्य में सीधी जिला मुख्यालय तक रेललाइन बिछाने का कार्य पूरा किए जाने का संकल्प है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन के पूरा हो जाने पर हमारा क्षेत्र सीधे पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़ जाएगा. केन्द्र और राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही हैं. इसका अधिक से अधिक लाभ विन्ध्य क्षेत्र को मिले इस दिशा में सभी जनप्रतिनिधि पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं. इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में हमेशा से ही विकास की संभावनाएं रही हैं. गत वर्षों में हुए विकास कार्यों से लोग अचंभित हैं. विकास की गति धीमी नही होगी हर क्षेत्र में विकास हो रहा है. कई सवालों का उप मुख्यमंत्री ने जवाब दिया. उप मुख्यमंत्री ने पत्रकार साथियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं.

### 108 एंबुलेंस की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**रीवा, 18 जनवरी,** रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है. घटना 108 एंबुलेंस से हुई है पुलिस ने एंबुलेंस को जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. घटना के संबंध में डॉक्टर विपिन रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रति तकरीबन 8 बजे उन्हें सूचना मिली कि 108 एंबुलेंस से बाइक सवार दो युवको का एक्सीडेंट हो गया है. इसके बाद दोनों युवकों को उपचार के लिए तत्काल संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां बाइक सवार युवक ज्ञानेंद्र रावत की मृत्यु हो गई थी जबकि कुलदीप रावत दोनों निवासी ग्राम मोहरवा गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार कराया जा रहा है. वहीं घटना के बाद भाग रही एंबुलेंस को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया है पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर कार्रवाई कर रही है. बतादें कि जब मरीज नही रहते उसके बाद भी एम्बुलेंस चालक तेज रफ्तार से सायरन बजाते हुए भागते है.



# प्रधानमंत्री ने गांधी जी के सपने को साकार करने बीबी जी राम जी योजना बनाई : जनार्दन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 जनवरी, महात्मा गांधी जी की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री जी ने खादी व स्वदेशी को बढ़ावा दिया बीबी जी रामजी योजना में श्रमिक वर्ग को रोजगार मिलेगा, पक्के निर्माण हो सकेंगे, नई योजना में बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान, 50% कार्य ग्राम पंचायत तय करेगी.**

बीबी जी रामजी योजना वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप बनाई गई है. पहले गरीबों के शोषण करने वाली नीतियां बनती थी, अब कल्याण के लिए योजना बना रही है. उक्त आशय का उदगार रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने भाजपा कार्यालय मऊगंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में मूल्य परक सिद्धांत निष्ठ और राष्ट्रहित आधारित राजनीति की स्पष्ट दिशा तय की है. यह कानून अल्पकालीन राहत से विकास संबंधी रोजगार की ओर बदलाव लाएगा. कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी जी के नाम का हमेशा राजनीतिक दुरुपयोग किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए देशव्यापी स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर उसे जन आंदोलन बनाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतंत्र में यह स्पष्ट कर दिया है की राजनीति सत्ता और बोट के लिए नहीं बलकि मूल मर्यादा और राष्ट्रीय हित के लिए होती है.

# मऊगंज बाईपास बाबा ढाबा पर विधायक प्रदीप पटेल पर जानलेवा हमला से जिले की कानून-व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

## जब विधायक सुरक्षित नहीं तो आम आदमी कैसे सुरक्षित

**बृजेन्द्र पाण्डेय गोरे**
**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 जनवरी, मऊगंज जिले के बाईपास स्थित बाबा ढाबा के पास 3 जनवरी 2026 की रात उस समय सनसनी फैल गई, जब मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल पर जानलेवा हमला कर दिया गया. बताया जा रहा है कि विधायक प्रदीप पटेल एक जमीनी विवाद का समझौता कराने वहां पहुंचे थे, लेकिन स्थिति अचानक हिंसक हो गई.**

विनोद मिश्रा की जमीन पर जबरजस्ती कब्जा किया जा रहा था. उस जमीन पर तहसीलदार मऊगंज द्वारा स्थगन आदेश भी दिया गया था लेकिन पुलिस एवं राजस्व विभाग उस जमीन पर अतिक्रमण रोकने का प्रयास नही किया. आरोप है कि लल्लू पांडेय, आशुतोष तिवारी, विपिन त्रिपाठी सहित उनके 200 से अधिक समर्थकों ने विधायक पर हमला कर दिया. हमलावरों ने विधायक को आग से जलाने का



प्रयास किया और उनके साथ मौजूद वाहनों में तोड़फोड़ की गई. घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हालात बेकाबू हो गए. पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह विधायक को सुरक्षित निकालकर थाना मऊगंज ले जाया गया. पुलिस द्वारा इस गंभीर घटना में डेढ़ सौ से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है. हालांकि अब तक पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई न करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं. घटना के बाद विधायक प्रदीप पटेल और उनका परिवार गहरे सदमे में है. सुरक्षा कारणों से विधायक भोपाल चले गए जहां उनका मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है. वहीं, उनके परिवार में दहशत का माहौल है।यह पूरी घटना मऊगंज पुलिस और जिला प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है. सवाल यह है कि जब जिले का जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है? इस घटना ने मऊगंज जिले की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं. अब देखना होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और सख्ती से कार्रवाई कर विधायक को सुरक्षा प्रदान करता है और दोषियों को कानून के शिकंजे में लाता है.

मऊगंज जिला बनने के बाद विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा यह उम्मीद यहा के लोग लगाकर बैठे हुए है लेकिन अपराध बढ़ रहा है.